<u>समाचार</u>

पोड़ीबहार तालाब जल स्त्रोत की सफाई हेतु जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने किया श्रमदान, की तालाब की सफाई

(स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित स्वच्छता पखवाड़े में लगातार चलाई जा रही स्वच्छता ड्राईव)

कोरबा 23 सितम्बर 2024 – स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 29 स्थित पोड़ीबहार तालाब जल स्त्रोत में जनप्रतिनिधियों अधिकारियों व नागरिकों ने अपना श्रमदान कर '' जल स्त्रोत सफाई '' का कार्य किया एवं स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, स्वच्छता अभियान में सभी की सहभागिता का आव्हान किया। इस मौके पर तालाब में उगी जलकुम्भी, घांस आदि को साफ किया तथा तालाब में डाली गई पूजा सामग्री, फूल माला आदि के अपशिष्ट को हटाकर जलाशय की सफाई की। उपस्थित जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने इस मौके पर स्वच्छता शपथ ग्रहण की।

यहॉ उल्लेखनीय है कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में कोरबा जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के दौरान संचालित की जा रही विभिन्न

स्वच्छता गतिविधियों, साफ–सफाई कार्यो व कार्यक्रमों की अगली कड़ी के रूप में आज निगम के वार्ड क्र. 29 स्थित पोड़ीबहार तालाब में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व नागरिकों ने अपना श्रमदान किया तथा उक्त क्षेत्र के महत्वपूर्ण जल स्त्रोत पोड़ीबहार तालाब की विशेष साफ–सफाई की, तालाब के अंदर उगी जलकुम्भी को हटाया, तालाब के किनारे व मेढ़ पर उगी घांस को साफ किया तथा तालाब में डाली गई, पूजन सामग्री, फूल माला आदि के अपशिष्ट को हटाकर जलाशय की साफ–सफाई की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह एवं उनकी टीम के सदस्यगण अजय विश्वकर्मा, पार्षद नारायण दास महंत, पूर्व पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, मंजू सिंह, सुमन सोनी, राखी तिवारी, राजेश राठौर, केशव सिंह, नारायण सिंह ठाकुर, अनिल वस्त्रकार, बी.पी. साहू, शिव जायसवाल, मेघराज ठाकुर, गिरधारी रजक, बिहारी रजक, अनुराग सिंह ठाकुर, बद्रीनाथ वस्त्रकार, रितेश श्रीवास्तव, बसंत बैरागी, आशीष सूर्यवंशी, श्याम यादव, प्रेमप्रकाश मदान, मदन गोपाल साहू, रामप्रसाद मिर्री, अजीत कुमार, रामू पाण्डेय, आदि के साथ अन्य लोगों ने स्वच्छता कार्यो में अपनी सहभागिता का निर्वहन किया।

<u>बीमारियों से बचाव हेतु स्वच्छता अनिवार्य</u>– इस मौके पर डॉ.राजीव सिंह ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के मौके पर स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत देश में की गई, इसी के तहत कोरबा में भी स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि बीमारियों से बचाव हेतु तथा सबकी सुरक्षा हेतु स्वच्छता व साफ–सफाई अत्यंत आवश्यक है, हम सभी दायित्व है कि हम इसमें अपनी सहभागिता दें। इस मौके पर डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने कहा कि गदंगी से विभिन्न प्रकार की बीमारियॉ पैदा होती है, लोग बीमार होते हैं, इससे बचने के लिए आवश्यक है कि हम अपने घर में आसपास के क्षेत्र में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें, स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें।

<u>जल स्त्रोतों की स्वच्छता में सहयोग दें</u>– निगम द्वारा आमजन से अपील करते हुए कहा गया है कि जल स्त्रोतों को साफ–सुथरा व स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें, तालाबों, जल स्त्रोतों में किसी भी प्रकार का अपशिष्ट न डालें। जल ही जीवन है तथा हमारे जल स्त्रोत हमारी अमूल्य धरोहर है, इन जल स्त्रोतों तालाबों को संरक्षित रखना, उन्हें साफ व स्वच्छ रखना, हम सबका सामूहिक दायित्व है।